बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

दिनांक–27.01.2018 को बिहार कौशल विकास मिशन के पदाधिकारियों के टीम के द्वारा Ashar Associates के बिहारशरीफ(नालन्दा) स्थित कौशल प्रशिक्षण केन्द्र KYP code 06040008 का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय इस केन्द्र पर क्लास रुम सत्र संचालित नहीं पाया गया । निरीक्षण के समय केन्द्र पर नवम्बर तथा दिसम्बर दोनों बैच के प्रशिक्षणार्थियों का लैब सेशन संचालित था । कोई क्लास रुम सत्र संचालित नहीं किया जा रहा था । केन्द्र पर उपस्थित एक मात्र Learning facilitator के द्वारा बताया कि वे इस केन्द्र की नियमित Learning facilitator नहीं हैं , सभी नियमित Learning facilitator आज की तिथि में अवकाश में हैं । केन्द्र पर कोई निरीक्षण पंजी उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण निरीक्षी पदाधिकारियों के द्वारा अपनी टिप्पणी निरीक्षण पंजी में अंकित नहीं की जा सकी ।

निरीक्षण में पाये गये त्रुटियों के आधार पर बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–BSDM/SDM-18/2017-136 दिनांक–05.02.2018 के द्वारा कौशल प्रशिक्षण केन्द्र Ashar Associates,KYP code 06040008 बिहारशरीफ(नालन्दा) से स्पष्टीकरण की माँग की गयी ।

पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में श्री संतोष अशर, Ashar Associates बिहारशरीफ, नालन्दा के द्वारा अपने पत्र संख्या–शून्य दिनांक–शून्य के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया । अपने स्पष्टीकरण में उनके द्वारा यह उल्लेख किया गया कि केन्द्र पर उपस्थित उनकी Learning facilitator नियमित Learning facilitator हैं तथा केन्द्र पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा भी निरीक्षी दल को केन्द्र पर नियमित क्लास रुम संचालित होने की बात कही गयी थी ।

निरीक्षण की तिथि को क्लास रुम संचालित नहीं होने के बिन्दु पर उनके द्वारा अपने स्पष्टीकरण में यह उल्लेख किया गया कि उक्त तिथि दिनांक–27 जनवरी, 2018 को उनके केन्द्र के तीन Learning facilitator किसी परीक्षा में सम्मलित होने इलाहाबाद गये थे । क्लास रुम नहीं संचालित किये जाने के बिन्दु पर उनके द्वारा अपने स्पष्टीकरण में यह उल्लेख किया गया है कि उनके केन्द्र पर नियमित क्लास रुम का संचालन होता है तथा उनके केन्द्र के Performance के विषय में Knowledge partner, MKCL से Feedback लिया जा सकता है । उनके केन्द्र पर पहले दिन से हीं क्लास रुम और लैब का संचालन नियमानुसार हो रहा है तथा प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण भी संतोषप्रद रहा है । निरीक्षण पंजी केन्द्र पर उपलब्ध नहीं रहने के बिन्दु पर एजेंसी के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में यह उल्लेख किया गया है कि निरीक्षण पंजी बना हुआ है, जिसकी प्रति District Skills Manager को भेजी जा चुकी है । निरीक्षण पंजी Reception room में होने के कारण इसे निरीक्षी पदाधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराया जा सका ।

एजेंसी M/s Ashar Associates के द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नहीं है । निरीक्षण के समय नवम्बर, 2017 तथा दिसम्बर,2017 के उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों का लैब सत्र हीं चल रहा था तथा एजेंसी का क्लास रुम खाली था। स्पष्ट है कि निरीक्षण की तिथि को उस केन्द्र पर कोई क्लास रुम संचालित नहीं था । केन्द्र पर उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा इस संबंध में कोई संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया जा सका । केन्द्र पर उपस्थित Learning facilitator के द्वारा भी बताया गया कि वे नियमित Learning facilitator नहीं हैं तथा उन्हें किसी चीज की पूर्ण जानकारी नहीं है । निरीक्षण पंजी मांगे जाने पर उनके द्वारा निरीक्षण पंजी भी उपलब्ध नहीं कराया जा सका ।

अतः Ashar Associates बिहारशरीफ(नालन्दा) से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है तथा कुशल युवा प्रशिक्षण केन्द्र KYP कोड 06040008 को क्लास रुम सत्र संचालित नहीं करने के प्रमाणित आरोप के लिए कठोर चेतावनी निर्गत की जाती है, साथ हीं उनके इस केन्द्र के माह दिसम्बर, 2017 बैच के Final Invice से 30% की राशि कटौती की जाती है । उन्हें यह भी चेतावनी निर्गत किया जाता है कि भविष्य में यदि इस केन्द्र के संचालन में किसी प्रकार की कोई त्रुटि पायी जाती है तो इस केन्द्र पर छात्रों का नामांकन अवरुद्ध कर दिया जायेगा तथा नामांकित छात्रों का प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात इसे स्थायी रुप से बंद कर दिया जायेगा ।

ह0/–
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2016– 251 पटना,दिनांक– 05/3/2018

प्रतिलिपि– (1) श्री संतोष अशर, Ashar Associates, बिहारशरीफ, नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/ मिशन प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। मिशन प्रबंधक, वित्त को आदेश दिया जाता है कि वे Ashar Associates के बिहारशरीफ (नालन्दा) के कौशल प्रशिक्षण केन्द्र KYP Code 0600008 के माह दिसम्बर, 2017 बैच के Final Invoice से 30% की राशि कटौती करना सुनिश्चित करें । मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे इस आदेश की प्रति को सभी SDC/BSDC को परिचारित करना सुनिश्चित करें ।

(3) Project Director, MKCL/ Project Director, SPMU(E&Y)/ SPMU Incharge, नालन्दा/ श्री रत्नदीप सिंह, प्रबंधक,MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal पर Upload करना/कराना सुनिश्चित करें ।

5/3/18

प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।